प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव मामले में अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई, न्यायालय ने कहा ट्रिपल टेस्ट की आड़ में नहीं रोक सकते है चुनाव।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ 2025 पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, आज प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ मेला हुआ शुरू।

3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी तथा कल होने वाले मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए दी शुभकामनाएं।

4. विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने जीता 38वें पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव का खिताब, कुलपति ने दी बधाई।

5. जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में कल मुंबई सिटी एफसी को किया पराजित, आज, केरल ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ओडिसा से।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय में आज स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार पर चुनाव टालने के लिए ट्रिपल टेस्ट की आड़ लेने का आरोप लगाया। न्यायालय ने इसे अपने आदेश की अवमानना मानते हुए कड़ी टिप्पणी की। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने नई वोटर लिस्ट अब तक उपलब्ध नहीं कराई है और राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही। कोर्ट ने केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

*****************

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। 144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। आज सुबह साढ़े नौ बजे तक करीब 60 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं। श्रद्धालू के लिए सुचारू और आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ 2025 के शुभारंभ होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव है। श्री मोदी ने प्रयागराज में असंख्य लोगों के आने, पवित्र स्नान करने और आशीर्वाद लेने की खुशी जाहिर की।

*****************

राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने रश्मि प्रकाश को पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त किया। गौरतलब है कि रश्मि प्रकाश चतरा विधानसभा से पार्टी की उम्मीदवार थीं और पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु हैं।

*****************

रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान पालन करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के पेट्रोल पंप संगठन के साथ बैठक की और पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल का बैनर लगाने का निर्देश दिया। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा टीम मौजूद रही।

*****************

देशभर में आज लोहड़ी का त्योहार उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी और कल होने वाले मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार देश के विभिन्न क्षेत्रों में विविध रूपों में मनाए जाते हैं और प्रकृति से जुड़े रहने का एहसास कराते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा ये त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और सभी के जीवन में उत्साह तथा खुशियां लाते हैं।

*****************

दुमका जिले में संताल समाज का महापर्व सोहराय धूमधाम से मनाया जा रहा है। दुन्दिया और धतिकबोना गांव में खुनटऊं माहां अनुष्ठान के तहत गाय को खूंटे से बांधकर पूजा की गई और लोगों ने पारंपरिक रूप से नृत्य कर पर्व का आनंद उठाया। इस बार बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किताबें बांटी गईं और शिक्षा व संस्कृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। यह नई पहल करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सच्चिदानंद सोरेन ने कहा कि शिक्षा से ही समाज बदल सकता है।

*****************

रांची के नजदीक स्थित हुंडरु फॉल प्रकृति का अनमोल तोहफा है। ठंड के महीने मे इसकी सुंदरता को नजदीक से निहारने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं।

*****************

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित 38वें पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव चैंपियनशिप जीत ली है। कुलपति प्रोफेसर पवन पोद्दार ने युवा दिवस के दिन हासिल इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया। 8 से 12 जनवरी तक आयोजित इस महोत्सव में विश्वविद्यालय दल ने संघर्षपूर्ण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दल प्रमुख डॉ. जॉनी रुफिना तिर्की ने प्रतिभागियों की तैयारी और उत्साह की सराहना की।

*****************

महिला हॉकी इंडिया लीग–डब्ल्यूएचआईएल की शुरूआत कल रांची में रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुई, उद्घाटन मैच में, ओडिसा वॉरियर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 4–0 से हरा दिया।

*****************

इंडियन सुपर लीग– फुटबॉल में, जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने कल मेजबान मुंबई सिटी एफसी पर 3–0 से शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ, जमशेदपुर एफसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। आज, केरल ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ओडिसा से होगा। कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*****************